प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

1 नवंबर 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री मनोरंजन मिश्रा को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 1 नवंबर 2023 से श्री मनोरंजन मिश्रा को कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया।

कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व, श्री मिश्रा विनियमन विभाग में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

श्री मिश्रा के पास भारतीय रिज़र्व बैंक में बैंकों और एनबीएफसी के विनियमन, बैंकों के पर्यवेक्षण तथा मुद्रा प्रबंधन के क्षेत्रों में कार्य का तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने विनियामक/ पर्यवेक्षी नीतियों के निर्माण में योगदान देने वाले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई कार्य समूहों में सदस्य के रूप में कार्य किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री मिश्रा 1. प्रवर्तन विभाग, 2. जोखिम निगरानी विभाग, 3. बाह्य निवेश और परिचालन विभाग का कामकाज संभालेंगे।

श्री मिश्रा अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और एमबीए (बैंकिंग और वित्त) हैं। उनके पास एस्टन बिजनेस स्कूल, यूके से वित्त और वित्तीय विनियमन में स्नातकोत्तर डिग्री भी है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1224